भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 622
गुरूवार, 24 जुलाई, 2025/2 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

## गुजरात और महाराष्ट्र में विरासत और सांस्कृतिक स्थल

**622 डा. मेधा विश्राम कुलकर्णी:**
**श्री बाबूभाई जेसंगभाई देसाई:**
क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने एकीकृत पर्यटन विकास के लिए 'स्वदेश दर्शन' या 'प्रसाद' योजनाओं के अंतर्गत गुजरात और महाराष्ट्र में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों की पहचान की है;

(ख) यदि हाँ, तो स्थलों के नाम, आवंटित धनराशि और पूरा होने की अपेक्षित समय-सीमा सहित अनुमोदित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के साथ समन्वय कर रही है कि पर्यटन संवर्धन प्रयासों से विरासत संरक्षण प्रभावित न हो; और

(घ) समुदाय-आधारित पर्यटन और सांस्कृतिक आजीविका को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से गुजरात और पुणे के विरासत समूहों में स्थानीय हस्तशिल्प, लोक कलाओं और पारंपरिक सांस्कृतिक उत्सवों को बढ़ावा देने के लिए क्या विशिष्ट कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटक स्थलों और पर्यटन उत्पादों का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0)', स्वदेश दर्शन की उप-योजना 'चुनौती आधारित 'गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को निधियों की उपलब्धता, योजना के दिशानिर्देशों के अनुपालन और राज्य सरकारों द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्टों (डीपीआर) की प्रस्तुति के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास संबंधी प्रयासों को संपूरित करता है। उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत पर्यटन मंत्रालय ने गुजरात और महाराष्ट्र राज्यों को ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों सहित पर्यटन परियोजनाओं के विकास हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की है और इन परियोजनाओं को दिनांक 31.03.2026 तक पूरा करने की समय-सीमा निर्धारित की है। महाराष्ट्र और गुजरात राज्यों में उपर्युक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय और संबंधित राज्य सरकारें आवश्यक स्वीकृतियों सहित परियोजना के डिजाइन और कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के साथ नियमित रूप से समन्वय करते हैं।

पर्यटन मंत्रालय अपनी सतत प्रचार संबंधी गतिविधियों के तहत सोशल मीडिया, संवर्धनात्मक वेबसाइटों, कार्यक्रमों आदि के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू बाजारों में सांस्कृतिक और समुदाय आधारित पर्यटन सहित देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों को नियमित रूप से बढ़ावा देता है।

*****

**अनुबंध**

डा. मेधा विश्राम कुलकर्णी और श्री बाबूभाई जेसंगभाई देसाई द्वारा गुजरात और महाराष्ट्र में विरासत और सांस्कृतिक स्थल के संबंध में दिनांक 24.07.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 622 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

'स्वदेश दर्शन', 'स्वदेश दर्शन 2.0', स्वदेश दर्शन की उप-योजना 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' की योजनाओं के तहत गुजरात और महाराष्ट्र राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:

**स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **परिपथ/स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** | **वास्तविक स्थिति/पूरा करने की समय-सीमा** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुजरात | विरासत परिपथ 2016-17 | अहमदाबाद-राजकोट-पोरबंदर-बारडोली-दांडी का विकास | 59.17 | भौतिक रूप से पूर्ण |
| 2. | गुजरात | विरासत परिपथ 2016-17 | वडनगर-मोढेरा का विकास | 91.12 | भौतिक रूप से पूर्ण |
| 3. | गुजरात | बौद्ध परिपथ 2017-18 | जूनागढ़-गिर सोमनाथ-भरूच-कच्छ-भावनगर-राजकोट-मेहसाणा का विकास | 26.68 | भौतिक रूप से पूर्ण |
| 4. | महाराष्ट्र | तटीय परिपथ 2015-16 | सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ-सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (बीच और क्रीक), मितभव का विकास | 19.06 | भौतिक रूप से पूर्ण |
| 5. | महाराष्ट्र | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | वाकी-अदासा-धापेवाड़ा-पारदसिंघा-तेलनखंडी-गिराड का विकास | 45.47 | भौतिक रूप से पूर्ण |

**स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **स्वीकृति वर्ष** | **गंतव्य** | **एक्सपीरियंस का नाम** | **स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)** | **वास्तविक स्थिति/पूरा करने की समय-सीमा** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | महाराष्ट्र | 2023-24 | पुणे | शिवसृष्टि ऐतिहासिक थीम पार्क- चरण 3 | 76.22 | 31.03.2026 |

**स्वदेश दर्शन की उप-योजना चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) | वास्तविक स्थिति/ पूरा करने की समय-सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुजरात | 2024-25 | शर्मिष्ठा झील का रूपांतरण: वडनगर में प्रकाश और संस्कृति | 17.29 | 31.03.2026 |
| 2. | गुजरात | 2024-25 | हरसिद्धि तट, पोरबंदर में सेक्रेड ओशियन रिट्रीट | 24.66 | 31.03.2026 |
| 3. | गुजरात | 2024-25 | थोल: परिवर्तनकारी पर्यटन 'सौहार्दपूर्ण स्थिरता, अनुकूलित कौशल' अग्रणी प्रौद्योगिकी | 9.96 | 31.03.2026 |
| 4. | महाराष्ट्र | 2024-25 | अहमदनगर किले का विकास | 25.00 | 31.03.2026 |

**प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | वास्तविक स्थिति/ पूरा करने की समय-सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुजरात | द्वारका का विकास | 2016-17 | 10.46 | भौतिक रूप से पूर्ण |
| 2. | गुजरात | सोमनाथ में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2016-17 | 45.36 | भौतिक रूप से पूर्ण |
| 3. | गुजरात | सोमनाथ में सैरगाह का विकास | 2018-19 | 47.12 | भौतिक रूप से पूर्ण |
| 4. | गुजरात | अंबाजी मंदिर, बनासकांठा, गुजरात में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 50.00 | 31.03.2026 |
| 5. | महाराष्ट्र | त्र्यंबकेश्वर, नासिक का विकास | 2017-18 | 45.41 | 31.03.2026 |

*****